उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1506/2022 दिनांक /Date.: 06-01-2022

संवाद–193

विषयः–वि0सं0–28 / UKSSSC / 2020 पदनाम–सहायक अध्यापक(एल0टी0) परीक्षा परिणाम पर आपत्ति के संबंध में :–

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि आज आयोग कार्यालय में कुछ अभ्यर्थी आये जिन्होंने सहायक अध्यापक(एल0टी0) व्यायाम(शारीरिक शिक्षा) विषय के लिए कई प्रश्नों पर आपत्ति दी व यह कहा गया कि आयोग ने परिणाम पर आपत्ति मांगी है। अतः प्रश्नों पर उनकी आपत्ति स्वीकार की जाय।

इस संबंध में सभी अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि किसी परीक्षा में परिणाम जारी होने के बाद आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम पर 15 दिन के भीतर आपत्ति का अवसर दिया जा रहा है। इसका अर्थ यह है कि **परिणाम में जो मेरिट कम दिया गया है, उस पर कोई आपत्ति है तो प्रस्तुत करें या फिर कोई अभ्यर्थी ऐसे है जिसके प्राप्तांक अधिक होने के बाद भी उनका नाम जारी मेरिट सूची में नहीं आ सका है वो अपनी आपत्ति दे सकते हैं।**

प्रश्नों पर आपत्ति का अवसर आयोग द्वारा केवल एक बार लिखित परीक्षा के तत्काल बाद सामान्यतः 07 दिन के लिए दिया जाता है व प्रश्नों पर आपत्ति केवल ऑनलाइन ही दी जा सकती है। ऑफलाइन आपत्ति या प्रश्नों पर आपत्ति के निर्धारित समय के बाद की गयी आपत्ति पर विचार संभव नहीं है। अतः कृपया परिणाम या मेरिट कम पर ही आपत्ति करें।

आयोग की ओर से,

6/1/22

(संतोष बडोनी)

सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com